हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 मई 2025

11 अभिमान इंसान का सबसे बड़ा शत्रु ...



10 माकपा ने मई दिवस पर फहराया झंडा, 20 मई को ...



HURRY UP ! Limited Seats
NEET JEE NTSE NDA MNS AIRFORCE
★Free Doubt Class ★AC Class Rooms
★Free Extra Class ★Join H.D. for Success
★No Tuition No Tension★ Direct Bus Service From Ch. Dadri
FREE DEMO Classes
Science (Medical, Non-Medical) Commerce, Arts
H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Admission Open Nur. to 9th & 11th
For Session 2025-26
M. 8059923555, 8607128682

## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला आज

**भिवानी।** रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में दो मई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में श्री श्याम इंश्योरेंस और होटल न्यूयॉर्क कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। विभिन्न पदों जैसे रिसेप्शनिस्ट, प्रबंधक व स्वीपर आदि पदों पर भर्ती की जानी है। जिसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं तथा आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रहेगी। सहायक रोजगार अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि इच्छुक प्रार्थी को रोजगार विभाग का पंजीकरण कार्ड, मूल प्रमाण पत्र आधार कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र सहित 09.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में उपस्थित होना होगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को लगेगी: एसडीजेएम

**तोशाम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीआर चालिया के कुशल मार्गदर्शन और सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025 को न्यायालय परिसर में आयोजन किया जाएगा। एसडीसीजेएम कम उपमंडल सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन सुनील कुमार ने देते हुए बताया, जिसका मुख्य उद्देश्य ट्रैफिक चालान केसों का अधिक से अधिक निपटारा, बैंक रिकवरी मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामले, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, फौजदारी जमानती मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले, बिजली और पानी के बिलों से जुड़े विवाद, राजस्व मामले, और अन्य छोटे-छोटे कोर्ट केसों का सहमति से अधिक से अधिक निपटान करना है।

### बिजली पेंशजर्न की मासिक बैठक 2 को

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक 2 मई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे नेहरू पार्क में वरिष्ठ उपप्रधान फतेसिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला प्रधान बाल मुकंद बापोड़ा, जिला महासचिव आरके चावला ने संयुक्त रूप से बताया कि जिन्होंने अपने कैश लैस कार्ड बनवाने के लिए आवेदन नहीं भरे हैं वे शीघ्र से शीघ्र रिटायरियों के कार्यालय में आवेदन जमा करवाएं ताकि कैश लैस कार्ड बनवाया जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक में एलटीसी, पैंशन बढ़ोतरी समेत अनेक समस्याओं के समाधान बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इस्तीफा देंगे पार्षद

## पार्षद सुभाष तंवर की अगुवाई में समाधान शिविर में घुसी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वार्ड संख्या 17 के लोगों का वीरवार को धर्य जवाब दे गया। पानी की मांग को लेकर महिलाओं ने प्रदर्शन किया और उसके बाद पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव की अगुवाई में अतिरिक्त उपायुक्त के समाधान शिविर में पहुंची। महिलाओं ने अधिकारी के समक्ष पिपली वाली जोहड़ी इलाके की पानी की समस्या बताई। महिलाओं ने बताया कि विगत में पब्लिक हेल्थ विभाग क्षेत्र में पानी टैंकर भेजता था,लेकिन बीते दो साल से यह सुविधा नहीं दी जा रही है। क्षेत्र में पीने के पानी की पाइप लाइन ही नहीं बिछी है। केवल टैंकरों का ही उनको सहारा था। अब वह भी छीना हुआ है। इस दौरान पार्षद सुभाष तंवर ने चेतावनी दी कि अगर उनके इलाके में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था(पानी की टैंकर से सप्लाई) नहीं की गई तो वे अपने पद से इस्तीफा देने पर मजबूर होंगे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने वार्ड 17 के सभी इलाकों में(जहां पर पानी नहीं पहुंच रहा) पानी के टैंकर भेजने के निर्देश दिए है। अधिकारी के आश्वासन के बाद ही पिपलीवाली जोहड़ी इलाके की महिलाएं वापस गई। इस क्षेत्र में पानी की भंयकर समस्या है। क्षेत्र के लोग अपने पैसों से खरीदकर पानी के टैंकर मंगवा रहे है। या फिर उनको पीने के पानी के लिए दूर दराज इलाकों में स्थित हैंडपम्पों के सहारे अपना हलक तर करना पड़ रहा है। इस मौके पर विनोद एमसी, दिनेश, कमलेश, सुनीता, बिमला आदि मौजूद थी।



भिवानी। समाधान शिविर में पार्षदों के साथ जाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**समाधान शिविर में घुसी महिलाएं:** कायदे से समाधान शिविर में एक ही फरियादी जाता है और अधिकारी सुनता है,लेकिन वीरवार को पार्षद सुभाष तंवर पिपलीवाली जोहड़ी इलाके की पानी की समस्या के लेकर समाधान शिविर में पहुंचे तो पीछे पीछे सभी महिलाएं भी समाधान शिविर में पहुंच गई। एकदम इतनी ज्यादा महिलाएं देखकर सभी अधिकारी खड़े हो गए और गनमैनों को बुलवाया। इस दौरान पार्षदों ने भी कहा कि सभी महिलाएं समाधान शिविर में न जाए, लेकिन आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि समस्या किसी एक महिला की नहीं है, जो महिलाएं यहां पहुंची है। सभी के समक्ष पीने के पानी की समस्या बनी है। इसलिए सभी महिलाएं समाधान शिविर में उपस्थित होकर अधिकारी के समक्ष फरियाद रखी।

नप पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि क्षेत्र में कई दिनों से पीने के पानी की समस्या बनी है। इस बारे में पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पीने के पानी के लिए लोगों दूर दराज इलाके में स्थित हैंडपैम्पों के सहारे हलक तर कर रहे है। उन्होंने बताया कि जब तक क्षेत्र में पीने के पानी की पाइप लाइन नहीं डाली जाती, तब तक उनके क्षेत्र में टैंकरों के सहारे हर घर तक पानी पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में पीने के पानी की बेहद समस्या बनी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ वे इस्तीफा देने पर मजबूर होंगे।

### जुलूस की शक्ल में पहुंची महिलाएं

पार्षद सुभाष तंवर व संदीप यादव की अगुवाई में महिलाएं एडीसी के समाधान शिविर में पहुंची। महिलाए समाधान शिविर हॉल में घुस गई। महिलाओं ने अधिकारी को बताया कि उनके इलाके में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। पहले टैंकरों से पानी दिया जाता था। अब वह सुविधा बंद कर दी है। ऐसे में उनको पीने के पानी के टैंकर खरीद कर मंगवाने पड़ रहे है। गर्मी के मौसम में पानी की डिमांड ओर ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में गर्मी के मौसम में उनको पीने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि कई बार पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई,लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

# नेट जेआरएफ परीक्षा में भावना को मिला छठा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



धनाना निवासी भावना घणघस का हाल ही में आयोजित सीएसआईआर नेट जेआरएफ परीक्षा में पूरे देश में छठा रैंक प्राप्त कर गांव, जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। भावना घणघस धनाना निवासी पूर्व चेयरमैन दलीप सिंह की पौत्रवधू हैं। उनकी सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। कोच भूपेन्द्र सिंह धनाना ने बताया कि उनकी पुत्रवधू भावना घणघस विज्ञान विषय की अध्यापिका हैं, वे अपने अनुभवों के माध्यम से आने वाले भविष्य के वैज्ञानिकों को तैयार कर रही हैं। हमें उस पर पूरा गर्व है। भावना ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्व चेयरमैन दलीप सिंह व अपने परिजनों को दिया। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह धनाना, जोगेन्द्र सिंह धनाना, विरेन्द्र सिंह धनाना, विजय पंचगांवा, डॉ. फूलसिंह, रघुवीर ठेकेदार, एडवोकेट आजाद सिंह घणघस आदि ने भावना को शुभकामनाएं दी।

### डकैती मामले में तीन आरोपी किए गिरफ्तार

**तोशाम।** थाना तोशाम पुलिस ने डकैती डालने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रवीण निवासी दादरी ने थाना तोशाम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को दोपहर के समय अनाज मंडी तोशाम से पैदल गांव जाने के लिए जूई रोड की तरफ जा रहे थे तभी 04 आरोपियों के द्वारा उनके साथ मारपीट करने के बाद जबरदस्ती 23,640 रुपए निकालकर ले गए थे। इसी मामले लें थाना तोशाम के सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह नेतीन आरोपियों को तोशाम से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान सुखबीर निवासी बागनवाला, रवि निवासी बागनवाला व विशाल पुत्र बारूराम निवासी धक्का बस्ती तोशाम के रूप में हुई है।

### अंगूठी छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने व्यक्ति की अंगूठी चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । आरोपी ने तोशाम में महिला के हाथों से दो सोने के कड़े छीनने की घटना को भी कबूल किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केदारनाथ निवासी आजाद मोहल्ला भिवानी ने थाना शहर पुलिस भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आठ मार्च सुबह पार्क में सैर करके घंटाघर के पास पहुंचा तो बाइक सवार आरोपी उनके हाथ से उनकी अंगूठी सोने की चोरी करके ले गए थे। इस मामले में सीआइए स्टाफ प्रथम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने अंगूठी चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। रोपी की पहचान गुरजीत निवासी करतारपुरा इंदिरा कॉलोनी रोहतक के रूप में हुई है।

# हरियाणा की 14 वर्षीय फुटबॉल टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव अलखपुरा की फुटबॉल की खिलाड़ियों ने कोल्हापुर में हुए अंडर 14 वर्षीय गवर्नमेंट स्कूल फेडरेशन आप इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 24 अप्रैल से 29 अप्रैल तक हुई इस प्रतियोगिता में अलखपूरा गांव की चार खिलाड़ियों जिसमें रेविका जाखड़, खुशबू, प्रिया व काफी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर हिंदू हाई स्कूल के प्रबंधक प्रकाश जाखड़ ने बताया कि गांव की चार बेटियों ने हरियाणा राज्य फुटबॉल की टीम में हिस्सा लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करके प्रथम सतना हासिल किया है। उन्होंने बताया कि 25 तारीख को सबसे पहले अपने पहले मुकाबले में केरल को 4-0 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में तमिलनाडु को 8-0 से हराकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शनकिया। अपने तीसरे मुकाबले में टीम ने आईपीएससी को 12-0 से हराकर मैच जीता। वहीं चौथे मुकाबले में सीबीएसई को चार एक से हराया। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल में झारखंड को 2-1 से आकर फाइनल में जगह बनाई तथा फाइनल में केरल को 5-0 से हराकर प्रतियोगिता जीती। इस अवसर पर गांव के सरपंच राजदीप ,फुटबॉल कोच सोनिका बिजारणिया नर्सरी कोच मनीष व वनिता, सुरेश जाखड़, संजय, सोमनाथ, शारदा जाखड़, कश्मीरी देवी आदि ने खिलाड़ियों को सम्मानित करके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आँखों का जांच शिविर धनाना तृतीय के बंगला में तीन को

**भिवानी।** गांव धनाना तृतीय स्थित बंगला में बाबा ब्रह्मचारी कमेटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से तीन मई को सुबह 8.00 बजे आँखों की निःशुल्क जांच का शिविर आयोजित किया जाएगा।

#### उपायुक्त करेंगे शुभारंभ

इस शिविर का शुभारंभ डीसी महावीर कौशिक करेंगे। ये जानकारी देते हुए बाबा ब्रह्मचारी कमेटी के संस्थापक सदस्य सेवानिवृत आईजी राजपाल सिंह ने बताया कि जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच के बाद उनकी आंखों के ऑपरेशन की भी व्यवस्था की गई है। इस शिविर का उद्देश्य आंखों की समस्याओं का पता लगाना और उनका इलाज करना है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ लोगों की आंखों की जांच करेंगे। इस शिविर के बारे में गांव धनाना व आसपास क्षेत्र में प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

# दीपक सिहं ने मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखीदादरी




■ भारवर्ग 65 से 70 केजी में अपने मुक्कों का दमखम दिखाया और शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता।

मेजबान चौक स्थित रुपाणा बॉक्सिंग क्लब के होनहार युवा मुक्केबाज दीपक ने जिले व प्रदेश का नाम पूरे देश में अपने खेल के जरिए रोशन किया है। इस बार युवा दीपक सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतकर खेलप्रेमियों को गौरव के क्षण उपलब्ध करवाएं। इससे पहले भी राज्य स्तर व नेशनल लेवल पर दीपक अनेक मेडल जीत चुका है। दीपक ने ये उपलब्धि महाराष्ट्र में आयोजित मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दौरान प्राप्त की।

क्लब संचालक रघुवीर नंबरदार लाडावास व मुख्य कोच कैलाश गिल ने बताया कि हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में आर्मी स्पोटर्स इंस्टीटयूट द्वारा नेशनल लेवल की प्रथम कौश बाक्सिंग कप का आयोजन किया था। ओपन चैम्पियनशिप में देशभर के मुक्केबाजों ने अपनी चुनौती रखी थी। क्लब के खिलाड़ी व वर्तमान में रेलवे की तरफ से खेलते हुए दीपक सिंह ने सीनियर वर्ग में शिरकत कर अपनी चुनौती रखी थी। उसने भारवर्ग 65 से 70 केजी में अपने मुक्कों का दमखम दिखाया और शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता।

**इन्होंने दी शुभकामनाएं:** इस उपलब्धि पर एसडीएम मनीष फोगाट, जिला खेल अधिकारी राजबाला, प्रदीप फोगाट गामड़ी, कुलदीप साहू रानीला, रामअवतार गिल मैनेजर, अशोक अहलावत, वीरेंद्र ग्रेवाल, वालीवाल कोच अशोक, डंपी पहलवान, दलबीर दलाल, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर राकेश, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी सुखदेव सिंह, जसवीर अहलावत व विजयपाल आदि ने शुभकमनाएं दी।

### अशोक इन्सां भले ही इस दुनिया में न हो लेकिन उनकी आंखें दुनिया देखती रहेंगी

**भिवानी।** रामनगर कॉलोनी निवासी 64 वर्षीय अशोक इन्सां भले ही दुनिया में न हो, लेकिन उनकी आंखें दुनिया को देखती रहेंगी। डेरा सच्चा सौदा की ब्लड व आई डोनेशन समिति के जिम्मेदार मनीष इन्सां ने



बताया कि अशोक इन्सां अपनी श्वासों रूपी पूंजी पूर्ण कर कुल मालिक के चरणों में जा विराजे हैं, इसलिए उनके नेत्रदान संकल्प के अनुसार उनकी आंखों को चिकित्सकों ने सुरक्षित रख लिया हैं। उन्होंने जीते जी पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा पर चलते हुए नेत्रदान का संकल्प लिया हुआ था। परिजनों ने अशोक इन्सां की अंतिम इच्छा को पूरी करते हुए उनके नेत्रदान करने का निर्णय लिया। सूचना मिलने पर सेठ किशनलाल जालान राजकीय आंखों के अस्पताल से डॉ. सुरेंद्र, डॉ. सतीश मखीजा, काउंसलर विवेक व सहयोगी संदीप उनके घर पहुंचे तथा स्वर्गीय अशोक इन्सां की आंखें सुरक्षित रख ली, जिनका उपयोग किसी नेत्रहीन को दृष्टि देने में किया जाएगा। इस अवसर पर भिवानी के आई डोनेशन टीम के जिम्मेदार मनीष इन्सां और सेवादार पंकज इन्सां, मनोज इन्सां, अमित कुमार, बेटा पंकज, बहु किरण रानी, बेटी रजनी इन्सां, जमाई अरविंद इन्सां, बहन ममता इन्सां, ज्योति इन्सां आदि मौजूद रहे।

## चौधरी बंसीलाल विवि के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को राज्यपाल ने किया संबोधित

# शिक्षा केवल पढ़ाई नहीं बल्कि साधना भी : बंडारू दत्तात्रेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि एक साधना भी है। निरंतर सीखते रहने का नाम साधना है। सीखने की कोई समय सीमा नहीं होती। विद्यार्थी को अपने जीवन में निरंतर सीखने, अनुशासन और मेहनत तथा सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाना चाहिए, यह सफलता व संतुष्टि दोनों में सहायक है।

उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीकों, कौशल विकास के साथ-साथ चरित्रवान, शीलवान तथा आशावादी होने का आह्वान किया। राज्यपाल दत्तात्रेय वीरवार को गांव प्रेम नगर स्थित चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह के दौरान दत्तात्रेय ने 1276 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। 48 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए, जिनमें से 43 छात्राएं थी। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की तरफ से साउथ एशियन पैरा ओलंपिक की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा को




भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मेधावियों को डिग्रियां देते राज्यपाल।

समाज में उल्लेखनीय कार्य के चलते डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल ने समारोह के दौरान स्मारिका का विमोचन किया तथा नई एंबुलेंस को विश्वविद्यालय को समर्पित किया। प्रदेश के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार खिलाड़ियों को खेल सुविधाएं प्रदान करने पर पूरा ध्यान दे रही है। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि चौ. बंसीलाल का सपना साकार करने के लिए तत्कालीन सांसद एवं वर्तमान में सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने अपने प्रयासों से चौ. बंसीलाल विवि की स्वीकृति दिलवाई थी। बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि शिक्षा ही उन्नति का आधार है। शिक्षा के बिना आगे बढ़ने की कल्पना नहीं की जा सकती है। आज बेटियों ने हर क्षेत्र में देश का मान बढ़ाया है। विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने बताया कि विवि में विद्यार्थियों के कौशल विकास को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। विवि द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर पाठ्यक्रम बनाया है, जिसे देश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों ने लागू किया है। राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को डिग्री के साथ दीक्षा के संकल्पों का पालन करते हुए आगे बढना चाहिए। कुलसचिव डॉ भावना शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन प्रो सुनीता भरतवाल व डॉ स्नेहलता शर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप

### मान का बयान भाईचारे को तोड़ने वाला: तालु

**भिवानी।** केंद्र की भाजपा सरकार देश में भाईचारा एवं सामाजिक व्यवहार को तोड़ने के लिए कई गलत फैसले लिए, उसी तर्ज पर अब केंद्र सरकार की शह पर पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार भी हरियाणा के पंजाब के लोगों का भाईचारा बिगाड़ने का काम कर रही है। पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा को पानी न देने का ब्यान भाईचारे को तोड़ने वाला और संविधान विरोधी है, ये बात ग्राम स्वराज किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने प्रेस विज्ञप्ति में कही।

### समाधान के नाम पर खानापूर्ति ना हो

**भिवानी।** सीटीएम अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर के माध्यम से एक छत के नीचे सभी विभागों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। नागरिक अपनी समस्याओं को इन समाधान शिविरों में अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान के नाम पर खानापूर्ति न करें। मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं।

### बीके वमा विद्यालय में मनाया श्रमिक दिवस

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नालंदा सदन के अंतर्गत श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती वंदना के साथ की गई। मंच का सफलतापूर्वक संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा दीक्षा एवं हिमाक्षी द्वारा किया गया। छात्रा साक्षी के द्वारा शानदार भाषण एवं कनिका के द्वारा कविता के माध्यम से अपने उद्गार व्यक्त किए गए। कक्षा छठी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### सपोर्टिंग स्टाफ को किया सम्मानित

**भिवानी।** वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय में 'अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई । कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. करतार सिंह जाखड ने विद्यालय के समस्त सपोर्टिंग स्टाफ को बैच लगाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी कार्य महत्वपूर्ण है। श्रम के माध्यम से मानव की गरिमा और रचनात्मक उत्कृष्टता व्यक्त होती है।

### समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो

**तोशाम।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में समाधान शिविर जन शिकायत निवारण की सरकार की सुव्यवस्थित प्रक्रिया है। इसके जरिये जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समय पर त्वरित समाधान हो रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उपमंडल में शिकायत निपटान में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित की है।

---

मजदूरों व मजलूमों के हकों वास्ते संघर्ष तेज करने का आह्वान

# माकपा ने मई दिवस पर फहराया झंडा, 20 मई को मजदूर हड़ताल का किया समर्थन

### कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के मृतकों की निर्मम हत्या पर दुखः प्रकट करते हुए शोक प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने मई दिवस पर अपने कार्यालय शहीद भगतसिंह यादगार भवन में झण्डा फहराया तथा मजदूरों से आह्वान किया कि वे अपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकता को मजबूत करें तथा किसानों के साथ भाईचारा व एकता बनाते हुए कारपोरेट साम्प्रदायिक गठजोड़ सरकार की जनविरोधी नीतियों का संयुक्त रूप से मुकाबला करें। इसी कड़ी में पार्टी आगामी 20 मई की राष्ट्रव्यापी मजदूरों की हड़ताल का पूर्ण रूप से समर्थन करेगी। शहीद भगतसिंह यादगार भवन में प्रातः 9 बजे पार्टी जिला कमेटी व लोकल कमेटी के सदस्य इकठ्ठे हुए तथा पहलगाम हमले के मृतकों की निर्मम हत्या पर दुखः प्रकट करते हुए शहीदों के प्रति दो मिनट का शोक प्रकट किया तथा पर्यटकों के साथ मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि दुनिया के साथ साम्राज्यवाद व कारपोरेट परस्त उदारवादी नीतियों के कारण गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, महंगाई व असमानता तेजी से बढ़ रही है।



**भिवानी।** माकपा कार्यालय में मई दिवस पर झंडा फहराते पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश। *फोटो: हरिभूमि*

मजदूरों व किसानों का इन नीतियों के तहत शोषण बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप जनता में सरकारों के खिलाफ गुस्सा भी बढ़ रहा है। सरकार द्वारा इससे ध्यान बांटने के लिए जातिवादी एवं धार्मिक कट्टरता पैदा कर मेहनतकश को आपस में लड़ाया जा रहा है। राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर साम्राज्यवाद द्वारा आंतक व उग्रवाद को पाला पोसा जा रहा है, हथियार बेचने वास्ते युद्धों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा इसराईल की मदद करके 50 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की हत्या करवाई गई है।

यूक्रेन युद्ध भी यूरोप व अमेरिका के इशारे पर चल रहा है, जिसमें दोनों तरफ से हजारों बेकसूर लोगों की हत्या हुई है। उन्होंने कहा कि साम्राज्यवाद व पूंजिवाद के चलते दुनिया में शान्ति व स्थायित्व नहीं हो सकता, इसलिए मेहनतकश जनता की समस्याएं समाजवादी व्यवस्था में ही हल हो सकती हैं। इस अवसर पर पार्टी सचिव मण्डल सदस्य राममेहर सिंह, सुखदेव पालुवास, अनिल कुमार, करतार ग्रेवाल, जिला कमेटी सदस्य रामफल देशवाल, सन्तोष देशवाल, एरिया कमेटी सदस्य चन्द्रभान, नरेश शर्मा, सज्जन कुमार सिंगला, रतन कुमार जिंदल, प्रताप सिंह सिंहमार, महाबीर फौजी, अनुराधा, उपासना सिंह व राजबीर कादियान आदि मौजूद रहे।

### भाविप की शहीद मदनलाल ढ़ींगड़ा शाखा ने श्रमिकों को किया सम्मानित

भिवानी। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर वीरवार को भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढ़ींगड़ा शाखा स्थानीय भगतसिंह चौक के नजदीक श्रमिक चौक पर श्रमिकों को तिलक लगाकर व गमछे वितरित कर सम्मानित किया। श्रमिकों को सम्मानित करते हुए भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है, जो श्रम के महत्व और श्रमिकों की समाज में भूमिका को सम्मान देता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस श्रमिकों के अधिकार, योगदान व समाज व राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान देता है। श्रमिक समाज की रीढ़ होते है, चाहे वह निर्माण कार्य के हो, कृषि, उद्योग या सेवा क्षेत्र हो, हर जगह श्रमिकों का परिश्रम ही देश व प्रदेश की प्रगति की नींव है। उनका सम्मान उनके योगदान की सार्वजनिक सराहना है। इस मौके पर भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढ़ींगड़ा शाखा के अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ ने कहा कि 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में श्रमिकों ने आठ घंटे कार्यदिवस की मांग को लेकर आंदोलन किया था। इस दौरान कई श्रमिकों की मृत्यु की स्मृति में ये दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला संयोजक डॉ. विक्रम सिंह, सुरेश शर्मा, तिलकराज अरोड़ा, प्रिंस महता, नरेश बसंल, नरेश चांदना, हंसराज गुलाटी, अनिल तायल, मुकेश रहेजा, मामनचंद अग्रवाल व जगदीश गिरधर उपस्थित रहे।



**भिवानी।** श्रमिकों को सम्मानित करते नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के पदाधिकारी।

## नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने श्रमिकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने महम रोड पर श्रमिकों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्यतिथि भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा, विशिष्ट अतिथि पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला, पार्षद विनोद प्रजापति ने श्रमिकों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि श्रमिक समाज की वह कड़ी हैं जो बिना दिखे पूरे ढांचे को मजबूती देते हैं। अतिथियों ने सूर्यवंशी अमित, विजय शर्मा, विजय, कृष्ण, संजय, रामसैनी, सर्वेश मिस्त्री, अमिताभ मिस्त्री, बेगराज राज, रतन मिस्त्री, दिनेश, हरीशचंद्र व मोनू को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समर्पित लोगों का सम्मान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

अतिथियों ने कहा कि श्रमिक दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उन मेहनतकश हाथों का जश्न है, जो दिन-रात हमारे जीवन को बेहतर बनाने में लगे रहते हैं। कार्यक्रम में चंद्रमोहन, मुरारी सैनी, ओंकार सैनी, डॉ. नरेश सैनी, निखिल, शुभम आदि मौजूद रहे।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर सोसायटी ने पौधरोपण कर मनाया मजदूर दिवस

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर वीरवार को गांव राजपुरा खरकड़ी के जलघर में पौधरोपण कर मजदूरों को उनके हित एवं अधिकारों के बारे जागरूक किया। इस मौके पर सोसायटी के प्रधान मास्टर योगेश कांटीवाल ने मजदूरों को सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी तथा बताया कि जब डॉ. अंबेडकर पहली बार श्रममंत्री बने, तब मजदूरों का काम करने का समय 14 घंटे होता था, जिसे उन्होंने घटाकर 8 घंटे किया और अन्य मजदूर हित की अनेक योजनाएं लागू की, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना जीवन स्तर ऊंचा उठा सकें। उन्होंने कहा कि मजदूर देश के निर्माता हैं तथा श्रमिक समाज का अहम हिस्सा है, इनके लिए एक दिन निर्धारित किया, ताकि समाज में इनके योगदान एवं मेहनत का सराहा जा सकें। उन्होंने कहा कि एक मई 1923 से मजदूर दिवस मनाने की शुरूआत हुई थी।

## कर्मचारियों को उपहार भेंट कर किया सम्मानित

- लिटिल हार्टस इंटरनेशनल स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लिटल हार्टस इंटरनेशनल स्कूल में आज विद्यालय के नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा अंर्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल व एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि बच्चों ने विद्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया और उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने बताया कि विद्यालय में ऐसी गतिविधियों का उदेश्य विद्यार्थियों में कर्मचारियों के प्रति सम्मान व सद्भाव की भावना उत्पन्न करना है, जिससे वे समाज में आगे चलकर समाज के सभी वर्गो के प्रति समानता का भाव रखे व सभी वर्गो को एक समान दृष्टि से देख सके। विद्यालय की निदेशिका ऐश्वर्या सिंघल, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बच्चों को बताया कि श्रमिको द्वारा किए गए संघर्षो व उनके द्वारा दिए गए योगदान की स्मृति में हर वर्ष 1 मई को अंर्तराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्या आरती शर्मा, कोर्डिनेटर मेनका चौधरी, निर्भय सिंह, राजेन्द्र कुमार, उमेश माथुर, अनिता, सुशीला, कृष्णा, संतोष, कान्ता, बबीता, कुलदीप, योगेन्द्र, विजेन्द्र, सोनू, गौरव व प्रवीण आदि मौजूद था।





**भिवानी।** लिटिल हार्टस में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

## उत्साह से श्रम दिवस मनाया

- चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 1 मई को प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ श्रम दिवस मनाया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्रा शिवांगी व दिया ने मंच संचालन किया। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों, बस चालकों और परिचालकों के लिए सुंदर व आकर्षक कार्ड बनाकर उन्हें भेंट किए। विद्यार्थियों ने सभी कर्मचारियों के कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सम्मानित किया। कक्षा चौथी के विद्यार्थी ने मार्मिक व प्रेरक कविता प्रस्तुत कर सभी को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के द्वारा सभी कर्मचारियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बाल- मन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति उनके मन में सम्मान की भावना जन्म लेती है।



**भिवानी।** सफाई कर्मियों, चालकों व परिचालकों को सम्मानित करती प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू। *फोटो: हरिभूमि*

## मछली पालन में 40-60 प्रतिशत अनुदान

- मत्स्य पखवाड़ा जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

मत्स्य विभाग की ओर से साहुवास गांव के स्कूल के पास वाली चौपाल में मत्स्य पखवाडा जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में मत्स्य पालन विभाग द्वारा अप्रैल माह में विशेष जागरूकता पखवाड़ा मनाया, जिसमें जिला खंड गांव स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर नागरिकों को मछली पालन से संबंधित जानकारी दी जा रही हैं। मत्स्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मछली पालन की विभिन्न योजनाओं के तहत 40 प्रतिशत एवं 60 प्रतिशत अनुदान की दर से अनुदान दिया जा रहा हैं।





**चरखी दादरी।** ग्रामीणों को मछली पालन की जानकारी देते अधिकारी।

उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग द्वारा अब तक जिला चरखी दादरी के विभिन्न गांव जैसे मिर्च, चरखी, कमोद, साहुवास इत्यादि में मत्स्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा चुका हैं। इन कैंपो में नागरिकों को मत्स्य पालन विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ जैसे वेलफेयर ऑफ शेड्यूल कास्ट फेमिली अंडर फिशरीज सेक्टर स्कीम, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना स्कीम, इंटेंसिव फिशरीज डेवलपमेंट प्रोग्राम स्कीम के बारे में बताया गया।

## निर्माणाधीन क्षेत्र में लगे श्रमिक सम्मानित

- बवानी खेड़ा के बीके शिक्षण महाविद्यालय में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बीके शिक्षण महाविद्यालय में श्रमिक दिवस के उपलक्ष में विभिन्न निर्माणाधीन क्षेत्र में लगे हुए श्रमिकों को सम्मानित किया गया, विभिन्न श्रमिकों को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविंद्र राठी ने बताया कि श्रमिक हमारे देश की रीड की हड्डी है, जिसके बिना हम विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते, उन्होंने कहा आज जो भारत देश इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है उसमें श्रमिकों का विशेष योगदान है, उन्होंने कहा कि श्रमिक भाई बहन विशेष सम्मान के हकदार होते हैं तथा उनकी समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि श्रमिकों को कार्य स्थल पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए उनके लिए मेडिकल सुविधा, जीवन बीमा तथा उनके श्रम का उचित मूल्य भी उन्हें मिलना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे समाज को भी श्रमिकों के प्रति विशेष सम्मान एवं आदर भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता डॉक्टर साक्षी, अंकित गोयल, हर्ष, कपिला वशिष्ठ, शर्मिला देवी, श्वेता भारद्वाज, पुस्तकालय अध्यक्ष अशोक जाखड़ , स्टोर कीपर मनीष शंकर और लैब अटेंडेंट प्रमोद बंसल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बीके शिक्षण महाविद्यालय में श्रमिक दिवस के उपलक्ष में विभिन्न निर्माणाधीन क्षेत्र में लगे हुए श्रमिकों को सम्मानित करते हुए।

### देश की रीड़ की हड्डी श्रमिक

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविंद्र राठी ने बताया कि श्रमिक हमारे देश की रीड़ की हड्डी है, जिसके बिना हम विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते, उन्होंने कहा आज जो भारत देश इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है उसमें श्रमिकों का विशेष योगदान है, उन्होंने कहा कि श्रमिक भाई बहन विशेष सम्मान के हकदार होते हैं तथा उनकी समस्याओं पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि श्रमिकों को कार्य स्थल पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए उनके लिए मेडिकल, बीमा तथा उनके श्रम का उचित मूल्य भी उन्हें मिलना चाहिए । मौके पर सहायक प्रवक्ता डॉक्टर साक्षी, अंकित गोयल, हर्ष, कपिला वशिष्ठ, शर्मिला देवी, श्वेता भारद्वाज, पुस्तकालय अध्यक्ष अशोक जाखड़ जी, स्टोर कीपर मनीष शंकर जी और लैब अटेंडेंट प्रमोद बंसल उपस्थित रहे।

## शिविर में 27 ने किया रक्तदान

- शिविर में शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टीनेंट विनय नरवाल के जन्मदिवस की स्मृति में वीरवार को सर्व मानव हित स्वामी समाज ने चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

स्वामी समाज के प्रधान कृष्ण पुनिया व कार्यकारिणी सदस्य अनिल स्वामी ने बताया कि शिविर में बतौर मुख्यतिथि पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शिरकत की। शिविर में 27 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सभी रक्तदाताओं को अतिथियों ने बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक सर्राफ व भवानी प्रताप ने कहा कि रक्तदान एक ऐसी सराहनीय मुहिम है, जिसके माध्यम से हम किसी जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाकर सबसे बड़े पुण्य के भागी बन सकते है, क्योंकि श्रीसनातन संस्कृति में नर सेवा को ही नारायण सेवा माना गया है।





**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ।

**यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर राजेंद्र स्वामी, राजेश स्वामी, सुरेश स्वामी, रमेश स्वामी, सोनू स्वामी, कुलदीप स्वामी, अनुराग, विपिन, पंकज, दीपक, नरेश परमार, रिंकू, सोनू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करने के फैसले को वापस लेने की मांग रखी

## स्कूल संचालकों ने किरण चौधरी को सौंपा मांगपत्र

- संसाधनों की कमी वाले क्षेत्रों में शिक्षा की रोशनी फैला रहे है गैर मान्यता प्राप्त स्कूल
- गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करवाने की बजाए शर्ते पूरी करने के लिए समय दे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सरकार द्वारा दिए गए गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद किए जाने के फैसले को वापिस लिए जाने की मांग को लेकर निजी स्कूल संचालकों का प्रतिनिधिमंडल वीरवार को राज्यसभा सांसद किरण चौधरी से मिला तथा मांगपत्र सौंपते हुए गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर की जा रही तालाबंदी की कार्रवाई पर रोक लगाए जाने की मांग की। इस मौके पर स्कूल संचालकों ने इस निर्णय को बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय करार दिया और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। इस मौके पर निजी स्कूल संचालक उपप्रधान घनश्याम शर्मा ने कहा कि ये स्कूल उन इलाकों में शिक्षा की रोशनी फैला रहे है, जहां पर सरकारी स्कूल दूर है या संसाधनों की कमी है। ऐसे में इन्हें बंद करना लाखों बच्चों को शिक्षा से तथा हजारों शिक्षकों को रोजगार से वंचित करने जैसा होगा। ऐसे में अगर मान्यता से जुड़ी कोई खामी है तो उन्हे सुधार का अवसर व उचित समय दिया जाए, ना कि स्कूल बंद करने का आदेश। इस मौके पर प्रदीप यादव हिसार ने कहा कि शिक्षा निदेशालय पंचकूला हिसार द्वारा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के आदेश अनुसार एमआईएस पोर्टल पंजीकृत एवं यूडिस कोड के साथ शैक्षणिक सत्र 2009-2010 से आज तक करीबन 730 निजी स्कूल कार्यरत्त है।



**भिवानी।** राज्य सभा सांसद को मांगपत्र सौंपते प्राइवेट स्कूल संघ के पदाधिकारी।

### यह लोग रहे मौजूद

इस मौके पर राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने निजी स्कूलों को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में सरकार से इस मामले में बात करेंगी तथा निजी स्कूल संचालकों को शर्ते पूरी करवाने के लिए समय दिलवाने व तालाबंदी की कार्रवाई को रूकवाने का पूरा प्रयास करेंगी। इस अवसर पर हिसार जिला अध्यक्ष प्रदीप यादव, संरक्षक ईश्वर बूरे, प्रवीण कुमार, घनश्याम शर्मा, संदीप कुमार रोहतक, तरूण शर्मा, पवन कुमार, मा. राजेश पाथड़िया, सोमबीर, राजेंद्र परमार, मा. राजेश जांगड़ा भिवानी, हरिओम तंवर सहित अनेक निजी स्कूल संचालक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### एचडी स्कूल में विश्व मजदूर दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल में विश्व मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया,जिसका उद्देश्य समाज में व्याप्त बालश्रम की कुप्रथा को समाप्त करना तथा मजदूरों के अधिकारों एवं सम्मान के प्रति जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना था। विद्यार्थियों ने श्रम को सम्मान मिले, तभी समाज महान बन जैसे सशक्त नारों के माध्यम से श्रमिक वर्ग के महत्व को रेखांकित किया। निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि बालश्रम सामाजिक कलंक है, जो न केवल बच्चों का बचपन छीनता है, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को भी अंधकारमय करता है। हमें एकजुट होकर इस अभिशाप के विरुद्ध खड़ा होना होगा।

### छात्र नेता को एंट्री कार्ड मिला, पर प्रवेश नहीं

**भिवानी।** चौ. बंसीलाल विवि विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने व विद्यार्थी विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों की आवाज दबाने के लिए सुर्खियों में रहता है। ऐसा ही मामला एक बार फिर से सामने आया, जब वीरवार को सीबीएलयू के दीक्षांत समारोह के लिए छात्र नेता प्रवीण बूरा को एंट्री का कार्ड भी मिला, लेकिन इसके बावजूद भी समारोह के एक दिन पहले ही उन्हे एक दिन पहले ही पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया तथा इस दौरान उन्हे सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक हिरासत में रखा गया। हद की बात तो यह है कि पुलिस इस मामले में कोई संतोषपूर्ण जवाब तक भी नहीं दे पाई।

### मनीषा का हरियाणा कबड्डी टीम में चयन

**तोशाम।** तोशाम निवासी तथा तोशाम के कप्तान उच्च विद्यालय की कबड्डी नर्सरी खिलाड़ी मनीषा का चयन एकेएफआई (फेडरेशन कप) खेल कबड्डी के लिए हरियाणा की सीनियर टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 1 मई से 4 मई तक महाराष्ट्र के अमरावती में हो रही है। इससे पहले मनीषा ने हरियाणा की तरफ से सब जूनियर मे भाग लिया था। मनीषा का हरियाणा टीम में चयन होने पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल व एकेएएच प्रधान कुलदीप दलाल, चैयरमैन नसीब जागू सचिव एकेएएच, जिला सचिव सुरेन्द्र चहल का मनीषा के परिजनों सहित ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

### सीबीएलयू ने फरियादियों को कार्यक्रम से रखा दूर

**भिवानी।** चौ. बंसीलाल विवि शुरूआती दौर से ही अव्यवस्था का शिकार है। जब कभी भी अव्यवस्थाओं को लेकर आवाज उठाई जाती है तो उसे दबाने के लिए लोकतंत्र के सभी बिंदुओं को नजरअंदाज किया जाता है। वीरवार को चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह था। इस दौरान सीबीएलयू का तानाशाही रवैया एक बार फिर देखने में आया, जब एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर आवाज उठाने का मन बनाया था, लेकिन एक दिन पूर्व ही उन्हे चेतावानी आने लगी कि वे जहां है, वही रहे। अन्यथा उन्हे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते है। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा बुधवार को उनके पास चेतावनी आती रही कि जहां हो, वही रहो। वरना उठा लिए जाआगे और इसकी जिम्मेवारी तुम्हारी होगी।

### मांगों को लेकर मंडल अफसरों को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** स्टेशन का निरीक्षण करने के लिए बीकानेर मंडल से आए एडीआरएम रूपेश यादव, एसआर डीडब्ल्यू आदित्य मेगा को भिवानी क्षेत्र की ट्रेनों से संबंधित समस्याओं के समाधान एवं नई ट्रेनों की मांग को लेकर दैनिक रेल यात्री कल्याण संगठन के सदस्य संतोष कुमार व दैनिक रेल यात्रियों ने मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि रेलयात्रियों को हो रही असुविधाओं के दृष्टिगत गाड़ी 54787 भिवानी रेवाड़ी पैसेंजर के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया जाए। प्रस्थान समय भिवानी से 6:25 किया जाए।

---

### नम्रता से इंसान को सहज में सिद्धि एवं प्रसिद्धि मिल जाती: उपेंद्र मुनि

# अभिमान इंसान का सबसे बड़ा शत्रु, जो इंसान को नष्ट कर देता : उपेन्द्र मुनि

### पुराना हाऊसिंग बोर्ड में जैन स्थानक में धूमधाम से मनाया अक्षय तृतीया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अक्षय तृतीय को छोटी कांशी भिवानी में प्रक्षा महर्षि पण्डित रत्न शास्त्री व उपेन्द्र मुनि महाराज के सान्निध्य में जैन स्थानक पुराना हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में धूमधाम से मनाया। उपेन्द्र मुनि महाराज ने अपने प्रवचनों में तपस्या का महत्व बताया।

उपेन्द्र मुनि महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि नम्रता से इंसान को सहज में सिद्धि व प्रसिद्धि हो जाती है, लेकिन अभिमान से न सिद्धि प्राप्त होती और न ही प्रसिद्धि, बल्कि विपदाएं बिना बुलाएं आती हैं। जैन स्थानक में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शिरकत की। इस मौके पर प्रसाद की व्यवस्था जगदीश दीवान, धर्मेश शाह, निकेश शाह, बृजलाल सर्राफ, रामप्रताप शर्मा, रामदेव तायल, एनके जैन, सुरेन्द्र जैन, वीवी जैन विजय जैन, हिमांशु, पवन कुमार जैन एडवोकेट, रमन जैन, राजेश जैन जयश्री जैन, साक्षी जैन, मध जैन ने की। धर्मसभा में शहर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली से तपस्वी उपस्थित हुए। उपेंद्र मुनि ने कहा कि अभिमान एक तरह की अग्नि होती है जो प्रतिशोध के रूप में जन्म लेती है और जहां जन्म लेती है वहां सब कुछ जलाकर भस्म कर देती है। अभिमान इंसान का सबसे बड़ा शत्रु हैं, जन्मांध व्यक्ति जितना अपना अहित नहीं करता, बल्कि दूसरों का भरपूर अहित करता है। बाहर का शत्रु बड़ा मुश्किल है, अभिमान आत्मा की विकृत दशा है, यज जीवन रूपी अमृत में विष घोलने वाला है।

अभिमान के संबंध में पंडित रत्न शास्त्री व उपेन्द्र मुनि महाराज ने कहा कि मन की उद्धत्तता का नाम मान है, ये विनय गुण का नाशक और नीच गति में पहुंचाने वाला है, क्योंकि अभिमान मनुष्य के विवेक रूपी निर्मल चक्षु को नष्ट कर देता है। सुनो जरा रूप को, आशा धैर्य को, मृत्यु प्राणों को, ईष्या धर्मचर्या को, क्रोध लक्ष्मी को, अनार्य सेवा शील को, कामवासना लज्जा को नष्ट कर देती है, लेकिन अभिमान इंसान का समूल नष्ट कर देता है। जैसे वृक्ष मूल को बाहर निकालने पर वृक्ष नष्ट हो जाता है, वैसे ही अभिमानी व्यक्ति स्वयं के गुणों को प्रदर्शित करने के चक्र में अपना ही पतन कर लेता है।





भिवानी। पुराना हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जैन स्थानक में प्रवचन देते उपेंद्र मुनि महाराज व पुराना हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जैन स्थानक में प्रवचन सुनते श्रद्धालु।



भिवानी। जैन स्थानक में मुख्यतिथि घनश्यामदास सर्राफ को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

---



भिवानी। भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

# भगवान परशुराम के आदर्शों को जीवन में ढाले की जरूरत : वासुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बड़ चौक स्थित परशुराम भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय किशन कौशिक ने की।

इस मौके पर भगवान परशुराम की महिमा का वर्णन पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा, महिला नेत्री प्रिया असीजा, महिला नेत्री इंदु शर्मा, महिपाल एडवोकेट, अग्रवंश परिवार अध्यक्ष नरेश गोयल, मोनू चौधरी, राजपाल ग्रेवाल, सुरेश सैनी, मा. रामकिशन शर्मा, सिलक राम शर्मा, विजय खरकिया, ईश्वर शर्मा, अरविन्द बामला, राकेश गौड़, तारकेश्वर कौशिक, सोनू बजीनिया, अनिल रानीला, देवकांत, एडवोकेट मंजीत शर्मा, श्याम लाल, कोच धर्मपाल बापोडा, लीलू नाथवास, रविदत्त शर्मा, जयवीर बापोडा, सतबीर सरपंच आरके शर्मा, विकास बोंदिया, जयवीर सांगा, कुलदीप हाडोदिया, ख़ुशी राम शर्मा, भंवर सिंह परिहार, घनश्याम बडाला, राजेश भारद्वाज, संजय शर्मा, नीरज देवसर, दिन्ना बडाला, पप्पू बोंदिया, जोगीराम बामला, संजय राजपूत, बारू उमरावत, राजा शर्मा आदि गणमान्य व्यक्तियों ने किया तथा भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

इस दौरासन पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों की आत्मिक शांति के लिए मौन रखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री वासुदेव शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने जिस प्रकार पापियों का संहार किया था, उसी प्रकार हमें भी बुराईयों का अंत करते हुए अच्छाई को अपनाना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि भगवान परशुराम के आदर्शों को जीवन में ढाला जाए। उन्होंने कहा कि भगवान किसी एक जाति विशेष के नहीं होते, वे सर्व समाज के हित के कार्य करते है। ऐसे में हमें भी भगवान या महापुरूषों को जाति के बंधन में नहीं बांधना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम सत्य एवं धर्म की रक्षा के लिए कभी भी पीछे नहीं हटे।

---

# प्रशासन ने सुनीं जनसमस्याएं

- नागरिक बिना संकोच के बताएं समस्याएं, समयबद्ध ढंग से होगा समाधान : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने बुधवार शाम सात बजे से झोझूकलां गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर समाधान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने नागरिकों से कहा कि सरकार एवं जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है। समाधान शिविर के साथ ही लोगों के घर द्वार उनकी जनसुनवाई करने के उद्देश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव में पहुंच रहा है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन हर समय नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर है। किसी भी नागरिक की किसी भी विभाग से संबंधित समस्या है तो वह बिना किसी हिचक के प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के विकास में अपना योगदान दें।



चरखी दादरी। रात्रि ठहराव में समस्या सुनते उपायुक्त मुनीश शर्मा।

---

# रेडक्रॉस सप्ताह का हुआ आगाज

- जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनबूटी साबित होता है रक्तदान : प्रदीप कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

रैडक्रॉस के संस्थापक हेनरी डयूनेट की जयंती पर 8 मई को विश्व रैडक्रॉस दिवस विश्व भर में मनाया जाता है। 8 मई को मनाए जाने वाले विश्व रैडक्रॉस दिवस की कड़ी में जिला रैडक्रॉस सोसायटी भिवानी द्वारा रैडक्रॉस सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम जैसे प्राथमिक सहायता, टीबी मुक्त जागरूकता, रक्तदान की मुहिम को बढ़ाने आयोजित किए जाएंगे।

रैडक्रॉस सप्ताह के पहले दिन वीरवार को आपातकालीन स्थिति के मद्देनजर स्थानीय रक्तकोष चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने किया। इस दौरान रैडक्रॉस में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षणार्थियों ने रक्तदान किया। सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि रक्तदान किसी के लिए भी बेहद सामान्य बात हो सकती है, लेकिन जरूरतमंद के लिए यह जीवनबूटी का काम करता है। उन्होंने कहा कि रक्त की जरूरत किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। इसीलिए प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान जैसी मुहिम में बढ़-चढक़र भाग लेते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कमजोर या अन्य समस्याएं नही आती, बल्कि रक्तदान से ह्दृय की बीमारी में सुधार होता है, वजन नियंत्रित रहता है। इसके अलावा कैंसर जैसी बीमारियां का जोखिम भी कम होता है। इस अवसर पर रक्तकोष प्रभारी डा. मोनिका, जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार, शर्मिला, लिपिक गोविंद सहित रेडक्रॉस स्वयं सेवक मौजूद रहे।



भिवानी। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### होने लगी रक्त की कमी

रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि बढ़ती गर्मी के साथ ब्लड बैंकों में रक्त की कमी भी होने लगी है तथा वीरवार को भी ऐसा ही मामला सामने आया, जब भिवानी के चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल में रक्त की कर्मी की जानकारी उन्हे मिली तथा आपातकाल स्थिति को देखते हुए रक्तकोष में रैडक्रॉस द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया, जिसमें रेडक्रॉस भवन में फस्ट एड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों ने रक्तदान किया।

---

# राजस्व मंत्री ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान कर रही सरकार : विपुल
- अब बिना पर्ची खर्ची प्रतिभाओं को मिल रही नौकरी : गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

प्रदेश के युवाओं को अच्छी शिक्षा और उससे संबंधित आधारभूत ढांचे उपलब्ध करवाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। सरकार जानती है कि बच्चों का भविष्य अच्छी शिक्षा में ही है और इसी सोच को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के क्षेत्र को बेहतर बनाने पर काम हो रहा है। हरियाणा के राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने जनता कॉलेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने दादरी एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय रामकिशन गुप्ता को नमन करते हुए कहा कि वे दूरगामी सोच के व्यक्ति थे, जिन्होंने 1965 के समय में दादरी क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि उस समय शिक्षा के बारे में सोच रखना बड़ी बात हैं और उन्होंने युवाओं का भविष्य संवारने के लिए शिक्षा की नींव रखी। राजस्व मंत्री ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में भी सकारात्मक दिशा में काम किया।




चरखी दादरी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते मंत्री विपुल गोयल। फोटो: हरिभूमि

### सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे

उन्होंने कहा कि केंद्र की तर्ज पर हरियाणा में भी शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव की ओर कार्य किए गए हैं। सरकार जानती है कि बच्चों का भविष्य शिक्षा में ही है, इसी सोच को आगे बढाते हुए हरियाणा में प्रत्येक 20 किलोमीटर पर एक महिला महाविद्यालय खोलने का कार्य वर्ष 2014 से ही शुरू कर दिया था। सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था के साथ सरकार ने युवाओं को स्वर्णिम भविष्य का मौका दिया है। हरियाणा में अब प्रतिभावान युवाओं को नौकरी के लिए नेताओं के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ती है। युवा पढ़ लिखकर बिना पर्ची खर्ची के अपनी प्रतिभा के बल पर नौकरी प्राप्त कर रहे हैं।

### भगवान परशुराम ने लड़ी अन्याय के खिलाफ लड़ाई: सांगवान

**चरखी दादरी।** ब्राह्मण भवन परिसर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव प्रधान शशिकांत भारद्वाज की अध्यक्षता में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। समारोह में विधायक सुनील सांगवान ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। भाजपा नेता राजेश बंटी, ट्रांसपोर्टर हरिप्रकाश व समाज सेवी मास्टर रविंद्र वशिष्ठ विशेष रूप से शामिल हुए। समारोह में विधायक सुनील सांगवान ने भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

सांगवान ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने की आवश्यता है। विधायक ने ब्राह्मण सभा को पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। सतबीर गौड़ ने बताया कि सभी को साथ लेकर चलना ही आपसी सौहार्द है। मास्टर रविंद्र वशिष्ट ने कहा कि धर्म किसी व्यक्ति विशेष का विषय नहीं है। बल्कि यह समस्त मानवता के कल्याण और सामाजिक समभाव का माध्यम है। भगवान परशुराम ने 21 बार पृथ्वी को बुरी शक्तियों व अन्यायियों से मुक्त करवाया।

### लघु सचिवालय सभागार में सिटीएम ने सुनीं जनशिकायतें



**चरखी दादरी।** नागरिकों की शिकायतों के निदान के लिए समाधान शिविर आयोजित किया। वीरवार को सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में लोगों की शिकायतें सुनीं। संबंधित अधिकारियों ने मौके पर इन शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू की। प्रदेश सरकार की पहल के तहत नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए अब सोमवार और वीरवार को जिला व उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों पर निदान किया जा रहा है।

---

### अटल कैंटीन की स्थापना साबित हो रही है अत्यंत महत्वपूर्ण कदम : शंकर

# भाजपा नेताओं ने अटल कैंटीन का किया निरीक्षण

- यहां पर रोजाना करीबन कटते है 200 कूपन : संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धुपड़, जिला महामंत्री शिवकुमार पाराशर, जिला मीडिया प्रभारी सोनू सैनी, माधव मंडल अध्यक्ष शिवराज बागड़ी ने वीरवार को स्थानीय नई अनाज मंडी स्थित अटल श्रमिक-किसान कैंटीन का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने वहां की व्यवस्थाओं और सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने आनाज मंडी से आए हुए मजदूरों से भी बातचीत की तथा उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। यह दौरा आम जनता को सस्ती दरों पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित कैंटीन की कार्यप्रणाली की समीक्षा के तहत किया गया। भाजपा नेताओं ने निरीक्षण के दौरान नेताओं ने रसोई, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और सुझाव भी लिए। इस दौरान भाजपा नेताओं को कैंटीन संचालकों ने बताया कि यहां पर रोजाना करीबन 200 कूपन कटते है तथा यहां पर खाने वाले सभी लोगों के लिए पौष्टिकता व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है।




भिवानी। अटल कैंटीन का निरीक्षण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसा जाए: शंकर धुपड़

इस मौके पर राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धुपड़ ने कैंटीन प्रबंधन को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित किया जाए और कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी जैसे व्यस्त और श्रमिकों से भरे क्षेत्रों में अटल कैंटीन की स्थापना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। यह कैंटीन ना केवल कम दामों पर स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती है, बल्कि मंडी में काम करने वाले मजदूरों, ट्रक चालकों, छोटे व्यापारियों और दैनिक ग्राहकों के लिए राहत का केंद्र बन गई है।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं
नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612

# एजूकेशन सप्लीमेंट चरखी दादरी विशेषांक



## कृष्ण भारद्वाज
चेयरमैन
बी आर स्कूल- बिरही कलां

शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन जीने का तरीका भी सिखाती है।

जब शिक्षा संस्कारों के साथ जुड़ती है, तब वह हमें अच्छे इंसान बनने की दिशा में मार्गदर्शन करती है।

संस्कारों से भरपूर व्यक्ति समाज में आदर्श बनता है, क्योंकि वह न केवल अपनी अच्छाई दिखाता है, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करता है।

सही शिक्षा और संस्कारों का मेल हमें जिम्मेदार नागरिक बनाता है और हमारे समाज को सशक्त बनाता है।



## बिजेन्द्र सांगवान
प्रधानाचार्य,
स्कॉलर्स वर्ल्ड स्कूल बिरही

### शिक्षा से संवरता है जीवन


**समानता:** शिक्षा लैंगिक असमानता को कम करने में मदद करती है और सभी के लिए समान अवसर प्रदान करती है।

**स्वास्थ्य:** शिक्षा हमें स्वस्थ रहने और बीमारियों से बचने के बारे में ज्ञान प्रदान करती है।

**पर्यावरण सुरक्षा:** शिक्षा हमें पर्यावरण की रक्षा करने और एक स्थायी भविष्य बनाने के बारे में सिखाती है।

**अनुशासन:** शिक्षा हमें अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में मदद करती है, जिससे हम समाज में एक बेहतर योगदान कर सकते हैं।

**निष्कर्ष:** शिक्षा एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो हमें बेहतर जीवन जीने और एक बेहतर समाज बनाने में मदद करता है। हमें शिक्षा को महत्व देना चाहिए और सभी के लिए समान शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए।



## मास्टर श्री भगवान शर्मा
संचालक
आर्यन कोचिंग, चरखी दादरी

### रोजगार परक हो शिक्षा व्यवस्था

हर घर को रोजगार मिलें- तभी कुछ बात बने, ये नारा है-ये उद्देश्य है-ये लक्ष्य है आर्यन कोचिंग का, विश्वास एक बहुत बड़ी बात है जो आर्यन कोचिंग ने शिक्षा रोजगार के क्षेत्र में पिछले सालों में समाज को 'टीम आर्यन ' ने दिया है, 10+2 के बाद हर युवा अपनी मेहनत के बल पर नौकरी पा सकता है बस आवश्यकता है सतत मेहनत-धर्म-जोश - जुनुन व जज्बे की आपका अपना आर्यन कोचिंग मेहनत के बल पर स्थापित है। व इलाके को रोजगार परक करने में लगा है।। कमजोर से कमजोर बच्चा भी निरंतर मेहनत के सफलता पा सकता है।



## बलराज फौगाट
निदेशकः
एच. डी. पब्लिक स्कूल, बिरोहड़

### नशा फास्ट-फूड व सोशल मीडिया जीवन के लिए घातक

आज का युवा वर्ग तेजी से नशा, फास्ट फूड और सोशल मीडिया की लत का शिकार होता जा रहा है। ये प्रवृत्तियाँ उनके शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक, बौद्धिक और नैतिक विकास को बाधित कर रही हैं। नशा युवाओं को जीवन की मुख्य धारा से भटका रहा है। फास्ट फूड की बढ़ती आदतें मोटापा, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों को जन्म दे रही हैं। वहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों में एकाग्रता की कमी, आत्मविश्वास में गिरावट और काल्पनिक दुनिया में खो जाने जैसी समस्याएँ उत्पन्न कर रहा है। इन समस्याओं से निपटने हेतु जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार और नैतिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही माता-पिता से अपील है कि वे बच्चों पर सतत निगरानी रखें। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा एक स्वस्थ, अनुशासित और जागरूक नागरिक के रूप में विकसित हो।



## अशोक रंगा
डायरेक्टर
एस डी एकेडमी, बूराखेड़ी

### फास्ट फूड तन मन दोनों को करें दुषित

हमेशा कहते आए है कि सादा खाना उच्च विचार जीवन में प्रथम होने चाहिए, लेकिन बडी चिंता का विषय आज की युवा, किशोर पीढी व बच्चों का खान पान बनता जा रहा है। जिस तरह से आज की ये पीढिया फास्ट फूड को ही खाना मान रही है वो कही न कहीं उनके सेहत के साथ तो खिलवाड है ही साथ में उनके विचारों को भी दूषित कर रहा है क्योंकि कहा भी गया है कि जैसा खाए अन्न वैसा होए मन। हमारा आहार सीधे तौर पर मानसिक विचारों पर असर डालता है इसलिए सादे व घर के बने भोजन तथा मौसमी फल व सब्जियों को बच्चे, युवा व किशोर ग्रहण करे, फास्ट फूड को कम से कम खाए।

# शिक्षा



शिक्षा का मतलब ज्ञान,सदाचार,उचित आचरण,तकनीकी शिक्षा तकनीकी दक्षता,विद्या आदि को प्राप्त करने की प्रक्रिया को कहते हैं। शिक्षा में ज्ञान, उचित आचरण और तकनीकी दक्षता, शिक्षण और विद्या प्राप्ति आदि समाविष्ट हैं। इस प्रकार यह कौशलों (skills), व्यापारों या व्यवसायों एवं मानसिक, नैतिक और सौन्दर्यविषयक के उत्कर्ष पर केंद्रित है।

शिक्षा, समाज एक पीढ़ी द्वारा अपने से निचली पीढ़ी को अपने ज्ञान के हस्तांतरण का प्रयास है। इस विचार से शिक्षा एक संस्था के रूप में काम करती है, जो व्यक्ति विशेष को समाज से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा समाज की संस्कृति की निरंतरता को बनाए रखती है। बच्चा शिक्षा द्वारा समाज के आधारभूत नियमों, व्यवस्थाओं, समाज के प्रतिमानों एवं मूल्यों को सीखता है। बच्चा समाज से तभी जुड़ पाता है जब वह उस समाज विशेष के इतिहास से अभिमुख होता है।

शिक्षा व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमता तथा उसके व्यक्तित्त्व का विकसित करने वाली प्रक्रिया है। यही प्रक्रिया उसे समाज में एक वयस्क की भूमिका निभाने के लिए समाजीकृत करती है तथा समाज के सदस्य एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यक्ति को आवश्यक ज्ञान तथा कौशल उपलब्ध कराती है। शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा की 'शिक्ष्' धातु में 'अ' प्रत्यय लगाने से बना है। 'शिक्ष्' का अर्थ है सीखना और सिखाना। 'शिक्षा' शब्द का अर्थ हुआ सीखने-सिखाने की क्रिया।

जब हम शिक्षा शब्द के प्रयोग को देखते हैं तो मोटे तौर पर यह दो रूपों में प्रयोग में लाया जाता है, व्यापक रूप में तथा संकुचित रूप में। व्यापक अर्थ में शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है। मनुष्य क्षण-प्रतिक्षण नए-नए अनुभव प्राप्त करता है व करवाता है, जिससे उसका दिन-प्रतिदन का व्यवहार प्रभावित होता है। उसका यह सीखना-सिखाना विभिन्न समूहों, उत्सवों, पत्र-पत्रिकाओं, रेडियो, टेलीविजन आदि से अनौपचारिक रूप से होता है। यही सीखना-सिखाना शिक्षा के व्यापक तथा विस्तृत रूप में आते हैं। संकुचित अर्थ में शिक्षा किसी समाज में एक निश्चित समय तथा निश्चित स्थानों (विद्यालय, महाविद्यालय) में सुनियोजित ढंग से चलने वाली एक सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा विद्यार्थी निश्चित पाठ्यक्रम को पढ़कर संबंधित परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना सीखता है।



## आदेश वत्स
डायरेक्टर
आदर्श कोचिंग एकेडमी, चरखी दादरी

### सोशल मीडिया बच्चों के लिए घातक

लत चाहे किसी भी चीज की हो वो हमेशा खतरनाक होती है, वर्तमान में जिस प्रकार युवा पीढी, किशोर यहा तक कि छोटे छोटे बच्चे मोबाइल की स्क्रीन पर अपना पूरा पूरा दिन बिता रहे है यह बहुत ही चिंताजनक तो है ही साथ में हमारे देश के भविष्य के लिए भी शुभ संकेत नहीं है। आने वाला देश का भविष्य इनके हाथों में होगा, लेकिन इनके हाथ में चौबीसों घंटे मोबाइल मोहताज बना रहा है। इस लत को छुडवाने के लिए समस्त समाज को आगे आना होगा।



## अजय जाखड़
डायरेक्टरः
नवयुग सिनियर सकैंडरी स्कूल, मकड़ानी

शिक्षा का जीवन में बहुत महत्व है। यह न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि व्यक्ति को बेहतर नागरिक बनने, आर्थिक रूप से सक्षम होने और समाज में सकारात्मक योगदान करने में भी मदद करती है।

**शिक्षा का महत्व : ज्ञान और समझ:**

शिक्षा हमें दुनिया के बारे में ज्ञान और समझ प्रदान करती है, जिससे हम बेहतर निर्णय ले सकते हैं और समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

**सशक्तिकरण:**

शिक्षा हमें आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है, जिससे हम बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं और अपने जीवन स्तर को सुधार सकते हैं।




## मुन्ना लाल शर्मा
डायरेक्टरः
S.V.M. SCHOOL KADMA

सोशल मीडिया विद्यार्थियों के लिए घातक है। आज बच्चे रील के लिए रियल लाइफ को भूल जाते हैं। सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाली रील और रियल लाइफ में बहुत अंतर है। सोशल और मोबाइल आज विद्यार्थियों को लक्ष्य से भटका रहा है। अभिभावकों को चाहिए को वे अपने बच्चों को दूर रखें और अगर बच्चा मोबाइल का प्रयोग करता है तो उसपर नजर रखें।



## Jatin Shyoran
Director Hartron skill centre
Gandhi Nagar ch. Dadri

आज के दिन सोशल मीडिया की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन इसका महत्व तभी है जबकि युवा सकारात्मक व रचनात्मक रूप से इसका प्रयोग करे। विदेशों में जहां से ये चला था वहां आज भी लाखों करोडों युवा इसे अपने उच्च अध्ययन व कमाई का जरिया बनाए हुए है जबकि भारत में कहीं न कही युवा इसका नकारात्मक उपयोग करते है यह स्थिति बदलनी चाहिए, अगर पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण करना है तो वहां की भांति इंटरनेट की ताकत को सकारात्मक तरीके से युवा इस्तेमाल करे।



## Sanjay Sharma
Director JLN Sr Sec School
Bilawal Charkhi Dadri

शिक्षा प्रत्येक बच्चे का बुनियादी हक है, लेकिन केवल पाठयक्रम को पूरा करवाना भर शिक्षा नहीं है बल्कि हमें बच्चों को इस तरह से शिक्षित करना चाहिए कि वो आगे चलकर ज्यादा से ज्यादा काबिल बने। आज के हालातों को देखते हुए कोई न कोई हुनर जरूर सीखना चाहिए बच्चों को। किताबी पढाई डिग्री पाने का जरिया तो बनेगी ही साथ में आज के स्कूलों में बच्चों को हुनरमंद बनाने के लिए भी काम किया जाने लगा है जो कि वाकई में काफी अच्छी सकारात्मक पहल है। स्कूलों में पढने वाले प्रत्येक बच्चे के अंतर में छुपी प्रतिभा को पहचाने के लिए आजकल स्कूल बढचढ कर अगल अलग प्रतियोगिताएं व गतिविधियों को समय समय पर आयोजित करते हैं, बच्चों को इनमें सहभागिता अवश्य करनी चाहिए व अपने गुरूजनों के मार्गदर्शन में अपने रूचीकर विषय को लेकर आगे बढना चाहिए।



## मास्टर रविन्द्र सांगवान
(TGT- Science) पूर्व संचालक आर्यन कोचिंग

### युवा-परिवार-समाज-राष्ट्रका आधार

एक युवा, एक परिवार समाज एवं राष्ट्र का आधार होता है एक युवा जितना मजबूत होगा उतना ही परिवार- समाज - राष्ट्र मजबूत होगें, युवा-एक उर्जा है-युवा एक जोश एवं जुनुन व जज्बे का संगम है। स्वस्थ एवं शिक्षित युवा राष्ट्र का हीरा है। अतः मेरी हर युवा से अपील है कि आप शरीर से बलिष्ठ-स्वस्थ होने के लिए सुबह-शाम खेल मैदान में जायें एवं दिमाग से मजबूत होने के लिए हर रोज पढ़ें- जिससे आप हर युवा का जीवन निमार्ण बेहतर हो और आप मजबूत आधार हो, अपने परिवार- ममाज-राष्ट्र को मजबूत बनाये।



## रविन्द्र वशिष्ठ
Director Ravi Indian Coaching School
Ashok Ultra Sound Wali Gali, Near Pradhan Hospital, Ch. Dadri

आज के समय में शिक्षा न केवल हर व्यक्ति के जीवन का अहम हिस्सा है, बल्कि यह बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा भी तय करती है। जब बच्चों की शिक्षा की बात होती है, तो उनके लिए एक ऐसा स्कूल ढूंढना महत्वपूर्ण होता है, जहां उन्हें न केवल अच्छी शिक्षा मिले, बल्कि उनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास भी हो सके।

यह एक सतत प्रक्रिया है जो न केवल तकनीकी कौशल और ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और बौद्धिक विकास को भी बढ़ावा देती है।

(विज्ञापन)